# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.08.2025 | प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गौतमबुद्ध नगर में रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई का किया लोकार्पण : रक्षा मंत्री ने कहा– संकल्प, साहस और विज्ञान का परिणाम है ऑपरेशन सिंदूर।
2. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नोएडा में देश के पहले टेम्पर्ड ग्लास निर्माण संयंत्र का किया उद्घाटन : कहा– इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और मेक–इन–इंडिया पहल को मिलेगी मज़बूती।
3. मथुरा सहित प्रदेश भर में कल मनाया जाएगा राधाष्टमी का पर्व : बरसाना में प्रशासन ने किए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम।

और

4. प्रदेश में गंगा, यमुना और शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर : मुख्यमंत्री ने गाजीपुर में किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण, राहत और बचाव कार्य तेज करने के दिए निर्देश।

---

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गौतमबुद्धनगर में रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रक्षामंत्री ने कहा कि  ड्रोन आज की युद्ध नीति का अहम हिस्सा हैं। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को बल देना होगा। इससे प्रदेश में पांच हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि यह संकल्प, साहस और विज्ञान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना के जवानों की वीरता के साथ आत्मनिर्भर भारत, वैज्ञानिकों और नवाचार की कहानी है। बाइट....

*ऑपरेशन सिंदूर के दौरान में भी हम सब ने देखा जब संकल्प, साहस और विज्ञान तीनों एक साथ मिलते हैं तो असंभव, संभव हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर की जब याद आई है तो हमारी सेनाओं के स्वागत का जिक्र भला कैसे नहीं होगा। हमारी सेनाओं ने 22 मिनट के अंदर काम तमाम कर दिया और साथियों ऑपरेशन सिंदूर अगर एक तरफ हमारे सेना के जवानों की वीरता की कहानी है तो वहीं दूसरी तरफ आत्मनिर्भर भारत और हमारे वैज्ञानिकों और युवाओं के इनोवेशन यानि नवाचार की भी कहानी है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र शक्तिशाली होता है। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश रक्षा उत्पादन का उभरता हुआ क्षेत्र है। बाइट....

*वीर भोग्या वसुंधरा महाराणा प्रताप ने ही कहा था। उत्तर प्रदेश इस देश से पहले से बहुत संमृद्ध रहा है और खासतौर पर उत्तर प्रदेश में पहले से ही नौ*

*ऑर्डिनेंस फैक्ट्रीज पहले से यहाँ पर कार्यरत हैं। मैं आभारी हूं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का और आदरणीय रक्षा मंत्री जी का जिन्होंने देश की वर्तमान की चुनौती को ध्यान में रखते हुए देश के अंदर दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के जो दो नए केंद्र उभरते भी दिखाई दे रहे हैं उनमें से एक  उत्तर प्रदेश को दिया है और उत्तर प्रदेश में हम छः नोड में उसका विकास कर रहे हैं।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये देश विदेश के लोगों को सम्बोधित करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ पचीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा।

——————————

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नोएडा में देश के पहले टेम्पर्ड ग्लास निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। यह संयंत्र भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने और मेक–इन–इंडिया पहल को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि देश में एक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इको–सिस्टम नया आकार ले रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा

कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन लगभग छह गुना बढ़ गया है। बाइट....

*नरेन्द्र मोदी जी के मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग देश में बहुत बड़ी मात्रा में पिछले 11 वर्षों में बढ़ी है। इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्शन करीब 6 गुना बढ़ा है, इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट्स करीब 8 गुना बढ़ा है इन्हीं 11 वर्षों में। चाहे मोबाइल हो, लैपटॉप हो, सर्वर हो, हार्डवेयर के दूसरे कम्पोनेंट हो, राउटर हो उन सब की मैन्युफैक्चरिंग भारत में स्टार्ट हुई है।*

—————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्री राम मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री पाठक ने स्वर्गीय विमलेंद्र मिश्र के राम मंदिर आंदोलन में योगदान को याद किया। बाइट...

*ये प्रदेश के लिए देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने पूरा जीवन रामलला के मंदिर के लिए लगाने का काम किया। मंदिर निर्माण में उनकी बहुत अहम भूमिका है।*

—————————

प्रदेश सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा, पारदर्शिता और प्रदूषण नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वचालित परीक्षण स्टेशन–एटीएस नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। निर्धारित प्रक्रिया और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप चार नए एटीएस को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। जिससे प्रदेश में कार्यरत एटीएस की कुल संख्या 14 हो गई है। चार नए एटीएस लखनऊ, आगरा, कानपुर नगर और मिर्जापुर में होंगे। एटीएस के माध्यम से वाहन–फिटनस

परीक्षण पूरी तरह स्वचालित, कैमरा–सक्षम, एल्गोरिदम–आधारित और डेटा–लॉग्ड होता है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि एटीएस नेटवर्क का विस्तार उत्तर प्रदेश की रोड सेफ़्टी को प्राथमिकता देने की ठोस प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

——————————

वन, पर्यावरण, और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री एवं अमरोहा के प्रभारी मंत्री के०पी० मलिक ने आज अमरोहा के गजरौला में नगर विकास से जुड़े चार करोड़ 29 लाख रुपए की लागत के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यमन्त्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरों को आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रही है।

——————————

## <u>ब्रेक</u>

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज नगर के विभिन्न वार्डों की साफ–सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने पार्क एवं आसपास की खाली भूमि की साफ–सफाई, सड़क निर्माण के निर्देश दिए।

——————————

उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के किसान पारंपरिक खेती के साथ उद्यान खेती करके अपनी आय बढ़ा सकते है। भदोही में किसान सम्मान और किसान मेले को संबोधित करते हुये उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 10 फीसदी कृषि भूमि पर औद्यानिक खेती की जाती है, जबकि कुल कृषि में इसकी हिस्सेदारी 46 प्रतिशत है।

——————————

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो–2025 में व्यापार के साथ–साथ कला और संस्कृति का भी संगम देखने को मिलेगा। आयोजन में भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं से लेकर सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत तक की झलक

दिखेगी। शो में देश और प्रदेश के दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

——————————

मथुरा सहित प्रदेश भर में कल राधाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। बरसाना में श्री राधारानी के मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के दृष्टिगत सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पर्व को लेकर मथुरा के जिलाधिकारी सी पी सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने आज एक समीक्षा बैठक की। संपूर्ण मेला क्षेत्र को छः जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। निगरानी के लिए 160 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही श्रीजी गेट के पास इंटीग्रेटेडकंट्रोल रूम बनाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी विभागों के सहयोग से तैयारी पूरी कर ली गई है। बाइट....

*श्री राधारानी जी का 5253वां जन्मदिवस 31 अगस्त को मनाया जाएगा बरसाना में मनाया जाएगा पिछले एक महीने से इस कार्यक्रम की पूरी तैयारी की जा रही है, इतने विभाग है, चाहे नगर पंचायत हो, चाहे पीडब्ल्यूडी हो, चाहे बिजली विभाग हो, चाहे सुरक्षा व्यवस्था के लिए हमारी पुलिस डिपार्टमेंट की पार्किंग कहां होगी, कैसे–कैसे रूप होगा, कैसे कैसे सेक्टर होगा मेडिकल रिपार्ट में तो सबने अपनी पूरी तैयारी की है पूरे मेले को 6, 12, 18 सेक्टर में बांटा गया है।*

——————————

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश आर बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रूखाबाद, गाजीपुर और बलिया में

गंगा, मथुरा में यमुना और लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजीपुर जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षत्रों का हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के उपरांत जिला एवं मंडल स्तर के अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जायें। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में गरज–चमक के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया है।

———————